शुक्रवार
नालन्दा, 07.02.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:13

www.apnanalanda.com


## हर गरीब को मिलेगा पक्का मकान, गड़बड़ी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: मंत्री श्रवण कुमार

विजय प्रकाश उर्फ पिंनु

नूरसराय(अपना नालंदा)।बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार हर गरीब को पक्का मकान देगी। जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें जमीन खरीदने के लिए सरकार की ओर से एक लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वेक्षण कार्य मार्च तक पूरा किया जाएगा। यह सर्वेक्षण घर–घर जाकर किया जाएगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद छूट न जाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा, ष्अगर कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी योजना में भ्रष्टाचार करता है, तो उसकी नौकरी जाएगी और जेल भी जाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी को भी योजना का लाभ लेने के लिए रिश्वत न दें। मंत्री श्रवण कुमार ने अजयपुर और अजनौरा गांव में 19 लाख 5 हजार रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क और छठ घाट का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



राज्यभर में ष्प्रगति यात्राष के तहत विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। जहां जरूरत है, वहां विकास योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के तहत सभी वर्गों का विकास हो रहा है। खासकर युवाओं को रोजगार और सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं, और इसका कोई दूसरा राज्य मुकाबला नहीं कर सकता। मंत्री ने कहा कि छठ घाट बनने से छठ व्रती महिलाओं को दूसरे गांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, वहीं पीसीसी सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव, जदयू नेता अमित कुमार, उपप्रमुख अविनाश कुमार मौर्य, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार निराला (सोनी लाल), मनरेगा पदाधिकारी आशुतोष कुमार, चुन्नू पांडेय, शुभम कुमार, सुधीर कुमार, अर्जुन प्रसाद, बिन्नू महतो सहित कई स्थानीय नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इस्लामपुर में गैरेज में भीषण आग, पीड़ित ने तीन लोगों पर जताया शक



अपना नालंदा संवाददाता

इस्लामपुर।इस्लामपुर नगर के मल्लहविगहा उसमानबाग मुहल्ले में स्थित एक वाहन मरम्मत गैरेज में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। इस घटना में मरम्मत के लिए खड़े दो चार पहिया वाहन और एक बाइक जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने इस्लामपुर थाना को जानकारी दी। पुलिस ने अग्निशामक वाहन के साथ मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, इस आगलगी में करीब 10 से 15 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। गैरेज मालिक मो. समीम अख्तर उर्फ मंटू (निवासी दृ मल्लहविगहा, वार्ड नंबर–19) ने इस्लामपुर थाना में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि वह एक इंजन मिस्त्री हैं और उनका गैरेज मल्लहविगहा उसमानबाग में स्थित है। मंटू के अनुसार, बुधवार की शाम करीब 7 बजे उन्होंने रोज की तरह गैरेज बंद कर दिया और घर चले गए। रात करीब 11:30 बजे आसपास के लोगों ने उन्हें फोन कर गैरेज में आग लगने की सूचना दी। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि गैरेज में भीषण आग लगी हुई थी। स्थानीय लोगों ने मोटर पंप से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण काबू पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। जब तक दमकल कर्मी पहुंचे, तब तक गैरेज में खड़ी एक अल्टो कार, एक पिकअप वाहन और एक बाइक जलकर नष्ट हो चुके थे। पीड़ित गैरेज मालिक ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उसमानबाग मुहल्ले के रहने वाले सरफराज, मो. खुर्शीद और मो. फिराज ने उन्हें गैरेज खाली करने की धमकी दी थी। उनका कहना था कि गैरेज की वजह से इलाके में जाम लगता है, इसलिए इसे बंद कर दिया जाए। उन्होंने धमकी देते हुए कहा था, ष्अगर गैरेज खाली नहीं किया तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। फिलहाल पुलिस ने लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धर्मपुर गांव में लूटपाट और गोलीबारी मामले में एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर गांव में 6 फरवरी की मध्यरात्रि करीब 12:05 बजे लूटपाट और गोलीबारी की घटना हुई। सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस एवं वरीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। बताया जाता है कि राजेश प्रसाद के घर में 5–6 अज्ञात अपराधी घुसे और महिलाओं से मारपीट की। अपराधियों ने राजेश प्रसाद के पुत्र अमित कुमार को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अमित को इलाज के लिए पटना भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। अपराधी जाते समय राजेश प्रसाद की पत्नी विभा देवी के सोने की कान बाली, अमित कुमार का मोबाइल और कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी लूटकर फरार हो गए। इस मामले में विकास कुमार के फर्द बयान पर चंडी थाना कांड संख्या– 45ध्25 के तहत धारा 311 बीएनएस और 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम बनाई गई। FSL टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अपराधियों कि गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी जारी है। गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है, और पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।

## श्रीलंकाई बौद्ध पर्यटकों से लूट मामले को पुलिस ने 6 घंटे में सुलझाया मामला



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत वैभवगृह पर्वत पर 5 फरवरी को श्रीलंकाई बौद्ध पर्यटकों के साथ लूटपाट की घटना हुई। यह मामला अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की सुरक्षा से जुड़ा था, जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक नालंदा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 6 घंटे के भीतर इस घटना का सफल उद्भेदन कर लिया और दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस मामले में राजगीर थाना कांड संख्या–70/25 के तहत धारा 309 (4) बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अपराधियों में जोगेंद्र राजवंशी उर्फ उषा (30 वर्ष) और सोनू कुमार (25 वर्ष) शामिल हैं, दोनों मार्क्सवादी नगर, राजगीर के निवासी हैं। इन पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में सुनील कुमार सिंह (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर),रमन कुमार (थानाध्यक्ष, राजगीर थाना),संजीव कुमार सिंह (पुलिस अवर निरीक्षक, राजगीर) तथा राजगीर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## डीएम और एसपी ने किया विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने गुरुवार को सिलाव प्रखंड के विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वे किसान प्लस टू उच्च विद्यालय, धरहरा (ग्राम पंचायत नानंद), तालाब सौंदर्यीकरण परियोजना, पंचाने लेफ्ट कैनाल, नव–निर्मित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय, सबैत, तथा मोहनपुर मत्स्य हैचरी–सह–मछली जिला बिक्री केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तालाब जीर्णोद्धार, नव–निर्मित पुस्तकालय एवं चिल्ड्रेन पार्क, वृक्षारोपण, पाथवे निर्माण, महादलित टोला में नल–जल योजना, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पैइन सफाई, सामुदायिक भवन, आवास, नली–गली योजना और कृषि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गति लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), जिला कृषि पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरस्वती पूजा पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



अपना नालंदा संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा प्रखंड के तीनी गांव में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में आदर्श सूर्या क्लब, तीनी लोदीपुर द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भाजपा के मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, क्लब की सलाहकार समिति के सदस्य मंदिर कुमार व रणदीप कुमार, क्लब के अध्यक्ष चंद्रमणि कुमार, सचिव अभय कुमार तथा कोषाध्यक्ष अंकुर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में गांव के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब के सचिव अभय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है। वहीं, कोषाध्यक्ष अंकुर कुमार ने बताया कि क्लब पिछले 15 वर्षों से इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसमें गांव एवं आसपास के बच्चे भाग लेते हैं और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की भी विशेष रुचि देखने को मिली, और सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सदस्य अजय कुमार, विक्की कुमार, सनी राज, सूरज कुमार, अंकित राज, सोनू कुमार, मौसम कुमार व सुधांशु ने सक्रिय भूमिका निभाई। विजेता प्रतिभागी ग्रुप ए: प्रथम स्थान – गणेश कुमार द्वितीय स्थान – आयुष कुमार, तृतीय स्थान – स्वाति प्रिया ग्रुप बी: प्रथम स्थान – निशा कुमारी द्वितीय स्थान – आयुष राज तृतीय स्थान – प्रिया कुमारी प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## सच्चे मन से की गई पूजा फलदायी होती है, भगवान उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं: श्रवण कुमार



अपना नालंदा संवाददाता

नूरसराय। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सच्चे मन से की गई पूजा अवश्य फलदायी होती है। भगवान अपने भक्तों की भावनाओं को समझते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि असहाय, जरूरतमंद और दुखी लोगों की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। जो लोग निःस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करते हैं, भगवान उनकी प्रार्थनाओं को अवश्य स्वीकार करते हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार बुधवार को नूरसराय प्रखंड के कश्मीरी चक गांव में नवनिर्मित राधे कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारे का शुभारंभ कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना की और देश, समाज व गांव की उन्नति एवं आपसी सौहार्द की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांवों में मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर आदि पूजा स्थल होते हैं, जो लोगों को एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं। समाज में परस्पर प्रेम और सहयोग की भावना बनाए रखना आज की आवश्यकता है। राधे कृष्ण मंदिर निर्माण के प्रेरणास्रोत एवं आयोजनकर्ता सेवानिवृत्त शिक्षक कुमार अवधेश रमन एवं उनकी पत्नी रजनी रमन ने ग्रामीण विकास मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस मंदिर के निर्माण की प्रेरणा उन्हें भगवान से प्राप्त हुई, जिसके परिणामस्वरूप गांव में यह भव्य मंदिर स्थापित किया गया। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं भंडारे में गांव के धर्मराज प्रसाद, अनंत कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों ने भंडारे में बढ़–चढ़कर सहयोग दिया और धार्मिक आयोजन को सफल बनाया।

## नीलामपत्र बकायेदारों पर सख्ती, प्रशासन ने की 12 की गिरफ्तारी, एक भेजे गए जेल

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। विभिन्न विभागों के नीलामपत्र बकायेदारों से बकाया राशि की वसूली में नीलामपत्र शाखा को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में 50 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि की रिकवरी के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। वारंट सप्ताह के तहत अब तक 12 बड़े बकायेदारों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जिनमें से एक को जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तारी के दबाव में 11 बकायेदारों ने अपनी बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा कर दिया है, जबकि शेष राशि जमा करने के लिए शपथ पत्र भी प्रस्तुत किए गए हैं। नीलामपत्र वादों के शीघ्र निपटारे के लिए 29 जनवरी को जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक नीलामपत्र वादों का त्वरित निपटारा किया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जो बकायेदार बकाया राशि जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सड़क हादसा: जानवर को बचाने के प्रयास में घायल हुए मोहम्मद साकिब

अपना नालंदा संवाददाता

बेन। बेन थाना क्षेत्र के जफरा गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में बेन पीएचसी में कार्यरत मोहम्मद साकिब घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब उन्होंने सड़क पर अचानक आए जानवर को बचाने की कोशिश की, जिससे उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें उठाकर बेन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया। उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ रेफर कर दिया।

## विद्युत विभाग कि छापामारी टीम ने 9 लोगों को विद्युत चोरी करते पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

अपना नालंदा संवाददाता

बेन। विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विशेष छापामारी दल ने कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दल में प्रभात कुमार (जूनियर इंजीनियर), नितेश कुमार (सहायक विद्युत अभियंता), एसटीएफ पवन कुमार (सहायक अभियंता), संदीप पटेल, रवि रंजन (लाइनमैन) और संजय कुमार शामिल थे। छापामारी के दौरान कुल 9 व्यक्तियों पर बेन थाना में 5 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई। इन सभी पर बिजली चोरी का आरोप है और जुर्माने की राशि निर्धारित की गई है। जिनके नाम रंजीत यादव (ग्राम रसूला) – रु 4,160,राजीव कुमार (पिताः स्व. अरविंद कुमार, ग्राम रसूला) – रु 11,342, जगिया देवी (पतिः स्व. विलास प्रसाद, ग्राम रसूला) – रु 25,677,अखिलेश कुमार (पिताः राम बच्चन प्रसाद, ग्राम रसूला) – रु 9,061,कौशलेंद्र मांझी (पिताः मुंशी मांझी, लेनिन नगर) – रु 30,126, सुलेखा देवी (पतिः चंद्र देव मांझी, लेनिन नगर) – रु 31,510,रामविलास सिंह (पिताः राम प्रवेश सिंह, ग्राम शहरी) – रु 15,716,धीरेंद्र सिंह (पिताः रामाशीष सिंह, ग्राम शहरी) – रु 26,853 तथा सूर्य नारायण सिंह (पिताः रामनरेश सिंह, ग्राम शहरी) – रु 11,665 है। बिजली विभाग द्वारा यह कार्रवाई बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से की गई है। अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में बिजली चोरी पकड़े जाने पर और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में

बच्चों की मुस्कान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 229138720211127192204

राष्ट्र की शान
9334304341
7563996997
8873996997

BIHAR CENTRAL SCHOOL

Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)

इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं–

- कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
- अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
- सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
- सभी मार्गों के लिए वाहन की सुविधा ।
- साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
- पढ़ाई के साथ–साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
- सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
- समय–समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।

Bumper Discount
₹ 5000/- + Educational Kit Free

Play Group to 10th
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
OFFER Up to 1st March 2025

Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD

विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरूप नामांकन में भी छूट)

# गया जिले के मत्स्य पालक किसानों और स्कूली छात्रों ने नालंदा के मोहनपुर मत्स्य हैचरी में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त की

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। गया जिले के 40 मत्स्य पालक किसानों और हेरिटेज स्कूल के 100 छात्रों ने नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित मोहनपुर मत्स्य हैचरी का दौरा कर मत्स्य पालन की व्यावसायिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक एवं बिहार राज्य मत्स्य जीवी सहयोग संघ के राज्य निदेशक शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिव जी ने उपस्थित किसानों और छात्रों को बताया कि मत्स्य पालन एक लाभदायक उद्योग के रूप में उभर रहा है, जिसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें तालाब खुदाई से लेकर मत्स्य पालन तक अनुदान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मत्स्य पालकों के लिए बाजार की कोई कमी नहीं है, जिससे यह व्यवसाय आर्थिक रूप से स्थिर और फायदेमंद साबित हो सकता है। हेरिटेज स्कूल के शिक्षक गौरव तिवारी और अनुपमा कुमारी ने बताया कि स्कूली बच्चे इस शैक्षिक भ्रमण को व्यावसायिक शिक्षा के रूप में देख रहे हैं, जिससे वे भविष्य में मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार कर बिहार में नीली क्रांति लाने में योगदान दे सकें। गया के मत्स्य विकास पदाधिकारी मृणाल कुमार ने कहा कि बिहार मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी मछली की आपूर्ति के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि




राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ-साथ मत्स्य पालन को भी बढ़ावा देना आवश्यक है। किसानों और छात्रों ने मत्स्य हैचरी के विभिन्न तालाबों का दौरा कर हैचरी प्रबंधन, तालाबों की तैयारी, जलीय पौधों की सफाई, खाऊ मछलियों का उन्मूलन, जीरा (मत्स्य बीज) का संचय, खाद का उपयोग, कृत्रिम भोजन, दवाओं का छिड़काव, जीरा डालने की मात्रा, मत्स्य पालन तकनीक, मत्स्य बीज उत्पादन और बायोफ्लॉक विधि से मछली पालन जैसी आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विशाल कुमार, कुंदन कुमार, मुलायम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हरनौत में स्वास्थ्य उपकेंद्र की लापरवाही, दो एएनएम से पुन : स्पष्टीकरण तलब




अपना नालंदा संवाददाता

हरनौत । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने स्वास्थ्य उपकेंद्र पोआरी की लापरवाही को लेकर दो एएनएम से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

31 जनवरी को प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी द्वारा किए गए निरीक्षण में स्वास्थ्य उपकेंद्र पोआरी बंद पाया गया। इस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने दोनों एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा था। प्राप्त स्पष्टीकरण में एएनएम ने दावा किया कि वे समय से पूर्व उपकेंद्र से चली गई थीं, लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र उस दिन खुला ही नहीं था। इसे प्रभारी चिकित्साधिकारी ने असंतोषजनक और भ्रामक बताते हुए अस्वीकार कर दिया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने एएनएम शैला कुमारी और चंदा कुमारी को दोबारा 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब देने का निर्देश दिया है। अगर संतोषजनक उत्तर नहीं मिला, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# शिक्षक के खाते से 20 हजार की अवैध निकासी, प्राथमिकी दर्ज

अपना नालंदा संवाददाता

हरनौत । बैंक धोखाधड़ी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन हरनौत के श्रीचंदपुर मुहल्ले में एक शिक्षक के साथ हुई ठगी चौंकाने वाली है। हाई स्कूल हरनौत के शिक्षक विकास कुमार ने थाने में आवेदन देकर कांड संख्या 52/25 दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरनौत एसबीआई मुख्य शाखा में उनके खाते से 18 जनवरी को 20 हजार रुपये निकाले गए, जबकि उन्हें इस निकासी की कोई जानकारी नहीं थी। शिक्षक ने बताया कि उसी दिन उन्होंने स्वयं भी खाते से पैसा निकाला था, लेकिन बाद में खाता स्टेटमेंट चेक करने पर पता चला कि 20 हजार रुपये अतिरिक्त निकाले गए हैं। पीड़ित शिक्षक ने पुलिस से अपने पैसे की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने इस मामले की जांच की जिम्मेदारी पीएसआई सन्नी कुमार को सौंपी है। मामले की जांच जारी है।

# डबल इंजन की सरकार में विधायक व सांसद तक सुरक्षित नहीं ,तो आम जनता की क्या गारंटी : मुन्नीलाल यादव

अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी। बुधवार रात थरथरी प्रखंड के धर्मपुर गांव में अपराधियों ने घर में घुसकर पूर्व मुखिया एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला कमेटी नेता बखोरी प्रसाद के 16 वर्षीय पोते अमित कुमार को गोली मार दी। घटना रात करीब 12 बजे की है जब पांच-छह अपराधी बांस की सीढ़ी लगाकर घर में घुसे और परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर मारपीट की। विरोध करने पर अपराधियों ने अमित कुमार के पेट में गोली मार दी, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घायल अमित को पीएमसीएच, पटना में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष मुन्नीलाल यादव, माले नेता बखोरी बिंद, रामप्रवेश दास और राजकुमार रविदास पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें धैर्य रखने की अपील की। नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। माले नेता मुन्नीलाल यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा, ष्डबल सरकार में विधायक और सांसद तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है?ष यादव ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो माले सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में अपराध और अराजकता को बढ़ावा देने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की।

# नगर निगम के विस्तारित वार्डों में पाइपलाइन से होगी जलापूर्ति, 145 करोड़ की स्वीकृति



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के विस्तारित पांच वार्डों 47, 48, 49, 50 और 51 में पाइपलाइन से जलापूर्ति की जाएगी, जिससे 25,000 से अधिक की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना के लिए बिहार सरकार ने अमृत योजना फेज 2.0 के तहत 145 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्वीकृति मिलते ही योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बुडको के कार्यपालक अभियंता राजकुमार ने बताया कि डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट आने के बाद कार्यों की विस्तृत रूपरेखा स्पष्ट होगी। जलापूर्ति योजना के तहत नए जलमीनार, पंप हाउस और पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही, नल जल कनेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि सभी घरों तक स्वच्छ पानी पहुंच सके। इस योजना का लाभ मधड़ा, कोसुक, राणाबिगहा, सिपाह, चकरसलपुर, साठोपुर, बिजवनपर और चांदपुरा के निवासियों को मिलेगा। साथ ही, जहां अमृत फेज 1 के तहत पाइपलाइन नहीं पहुंची थी, वहां भी जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। अमृत फेज 1 और 2 के तहत अब तक 62,000 घरों को नल जल कनेक्शन दिया जा चुका है और 40 किलोमीटर क्षेत्रफल में पाइपलाइन बिछाई गई है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद गर्मी से पहले कार्य शुरू होने की संभावना है।



# हजरत ख्वाजा सय्यद इब्राहिम चिश्ती मासियान्वी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स सम्पन्न

## हिंदू-मुस्लिम समाज की सहभागिता, अमन और भाईचारे का दिया संदेश



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के बिंद प्रखंड स्थित मौजा रसूलपुर मसिया में सूफी संत हजरत ख्वाजा सय्यद इब्राहिम चिश्ती मासियान्वी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक सूफी खानकाह एसोसिएशन, बिहार इकाई द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सज्जादा नशीन सय्यद जीशान मुस्तफा फिरदौसी चिश्ती (अलमारूफ हयात साहब) ने की, जबकि संरक्षक के रूप में प्रदेश अध्यक्ष एवं सज्जादा नशीन खानकाह चिश्तिया फरीदिया निजामिया, चांदपुरा, बिहारशरीफ, सूफी शाह सय्यद महताब आलम चिश्ती निजामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कुल शरीफ की रस्म से हुई, जिसमें अकीदतमंदों ने चादर और फूल पेश कर फातिहा ख्वानी की। इसके बाद हजरत ख्वाजा पीर अजगैब शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर भी हाजिरी दी गई और देश में अमन–चौन, खुशहाली तथा हिंदू–मुस्लिम भाईचारे की दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर सूफी शाह सय्यद महताब आलम चिश्ती निजामी ने कहा कि सूफिया–ए–इकराम ने हमेशा से गंगा–जमुनी तहजीब को संजोने और भाईचारे को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि सूफी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी के नेतृत्व में अखिल भारतीय स्तर पर सूफीवादी विचारधारा और राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बना सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज के उत्थान में योगदान दें। इस अवसर पर सूफी खानकाह एसोसिएशन बिहार प्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी तालिब फिरदौसी, जिला सचिव यूसुफ कादरी, मुन्ना खान, हारून खान कज्जाफी, विवेकानंद, रामचंद्र, मोहम्मद इरफान, निखिल कुमार, मोहम्मद नजीर, खिलौना मनेरी, मोहम्मद मुजाहिद, मोहम्मद सगीर, मोहम्मद सोहेल" सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस उर्स में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित हुआ।

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant, Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्वर से पंचम वर्ग तक
उपलब्ध सुविधाएँ
❖ शिशु स्तर से पंचम स्तर के बच्चों के पठन-पाठन की उत्तम व्यवस्था।
❖ बेहतर महौल में शिक्षण की व्यवस्था।
❖ C.C. T.V. कैमरा की व्यवस्था।
❖ स्मार्ट क्लास।
❖ सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था।
❖ खेल-खिलौना द्वारा शिशु शिक्षण की अनुपम व्यवस्था।
❖ उच्च स्तरी शिक्षकों की टीम
❖ खेल-कूद के लिए बड़ा मैदान।
नामांकन जारी है...
निदेशक : रणधीर रंजन
जानकी शिशु महाविहार
आधुनिक तकनीक | उर्जावान समूह | गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सृजनात्मक शिक्षण | प्रगति कार्यक्रम
9304290818, 7652231781
पता : भैंसासूर मोड़ से उत्तर, कागजी महल्ला, बिहारशरीफ (नालंदा)

PHYSICS WALLAH | VIDYAPEETH —PATHSHALA—
बिहार शरीफ
SESSION 2025-2026 Offline Classes
ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | Foundation Class 8th to 12th & Dropper
कम Fee में पढ़े India का No.1 Institute में Star Faculty के साथ
Our Facilities:
AC Classroom
CCTV Campus
Offline Classes
Digital Board
Doubt Support
Study Material & DPP
Daily Recorded Lectures
Experiments for Pratical Knowledge
Hostal Facility Available
*T&C Apply
धनेश्वरघाट मंदिर के पीछे, बिहार शरीफ 95766 85051

आपके शहर का एक मात्र संस्थान जहाँ
प्रोग्रेस नहीं तो फीस नहीं
पढ़ाई एक भाषा की ज्ञान तीन भाषा की एक साथ
Admission Free...
आकाश विद्यापीठ
धनेश्वरघाट, कॉंग्रेस कमिटी के पीछे, बिहार शरीफ
मो. 7368086798, 9852419182

अपनी कविता शायरी रचनाएं एवं विज्ञापन के लिए हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें :-
apnanalandaofficial881@gmail.com 70705 72018